# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–13.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने दिया आदेश– अंगीभूत कॉलेजों से ही 12वीं की पढ़ाई करेंगे 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी**
2. **मंत्री चमरा लिंडा ने की कल्याण विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा, छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण योजनाओं को गति देने का दिया निर्देश ।**
3. **असम विधानसभा की समिति ने किया पतरातू प्लांट का निरीक्षण, झारखंड के ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति की सराहना की, आज देवघर दौरा।**
4. **रिम्स की एचआईवी जांच प्रयोगशाला को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता, एनएबीएल ने दिया प्रमाण पत्र ।**
5. **और राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले तीन दिनों तक आंधी के साथ भारी बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**

**********************

राज्य के विश्वविद्यालयों के अधीन संचालित अंगीभूत कालेजों में पढ़ाई कर रहे इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। इन कालेजों में अध्ययनरत वैसे सभी छात्र–छात्राएं वहीं से 12वीं की भी पढ़ाई पूरी कर पाएंगे, जो वहां से इस वर्ष 11वीं कक्षा उत्तीर्ण हुए हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इसपर स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय ने सभी विश्वविद्यालयों को पत्र भेज दिया है।

**********************

मंत्री चमरा लिंडा ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार की यह प्राथमिकता है कि हर छात्र तक योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के पहुँचे।उन्होंने विशेष रूप से प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एवं साइकिल वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की और सभी जिलों में छात्रवृत्तियों का भुगतान तेजी से करने का निर्देश दिया

**********************

असम विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के सभापति रमेंद्र नारायण कलिटा और सदस्य सिबामोनी बोरा ने झारखंड के ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति की सराहना की। असम प्रतिनिधिमंडल ने पतरातू स्थित पीवीयूएन प्लांट का दौरा किया और समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में सोलर एनर्जी और हाइडल प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। असम प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड को ऊर्जा आत्मनिर्भरता के करीब बताया।

पीवीयूएन के सीईओ अशोक कुमार सहगल ने बताया कि पीवीयूएन जल्द ही 800 मेगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। जानकारी के अनुसार असम विधानसभा समिति आज देवघर के लिए रवाना होगी।

**********************

आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित फुटबॉल मैदान में आदिवासी संगठन द्वारा अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें पूरे कोल्हान से 10 हज़ार आदिवासी जुटकर एकता का परिचय देंगे। कार्यक्रम को लेकर माझी बाबा सालडीह मिर्जा सोरेन की अध्यक्षता में आदिवासी संगठनों ने बैठक की और आदिवासियों के विकास और उत्थान को लेकर रणनीति तैयार की गई।

**********************

राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स , रांची की एचआईवी जांच प्रयोगशाला ने चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रयोगशाला को एनएबीएल की ओर से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने के लिए मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

**********************

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए लाभुकों को बैंक खाते से आधार सीडिंग कराना अनिवार्य है। इस संबंध में रांची के उपायुक्त की ओर से एक बार फिर से अपील की गई है।

**********************

रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के नोनियाबेड़ा जंगल से पुलिस ने टीपीसी के दो नक्सलियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में कई घटनाओं का अंजाम दिया गया है।

**********************

**रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विशेष अभियान में 9 लड़कियों को रेस्क्यू करने के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मानव तस्कर इन लड़कियों को तमिलनाडु में नौकरी का झांसा देकर ले जाने की फिराक में थे।**

**********************

जामताड़ा जिले में साइबर अपराधियों द्वारा उपायुक्त रवि आनंद के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के माध्यम से संदेश भेजकर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस अकाउंट से किसी तरह के प्रेषित संदेश को लेकर जिला प्रशासन को तत्काल सूचना दें।

**********************

गिरिडीह जिले में 24 घंटे के भीतर अवैध शराब की दो खेप बरामद हुई है। नमियाघाट थाना क्षेत्र के पोरदाग में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक से दो सौ पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद की है। पटना भेजी जा रही बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है। इधर इससे पहले बेंगाबाद पुलिस ने लाखों रुपए की नकली शराब जब्त करने के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। वहीं हजारीबाग जिले में उत्पाद विभाग ने 40 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिवकुमार साहू ने बताया कि वाहन में डाक कंटेनर का लोगो लगाकर शराब तस्करी की जा रही थी।

**********************

राज्य में वज्रपात की अलग – अलग घटना में चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हो गया। सरायकेला–खरसावां जिले के के नीमडीह गांव में दो लोग और लोहरदगा के फुलसुरी गांव में एक महिला समेत दो की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। प्रशासन ने मृतकों के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

**********************

राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले तीन दिनों तक आंधी के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है ।

**********************

श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने रांची और भागलपुर के बीच चलने वाली श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन की समय–सारणी, मार्ग, परिचालन दिवस और ट्रेन संख्या में संशोधन किया है। अब यह ट्रेन नए नंबर और नए रूट के साथ चलाई जाएंगी।

**********************

देवघर में श्रावण मेला आरंभ होते ही देशभर से श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के लिए दर्शन आ रहे हैं। उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने बताया कि श्रद्धालुओं को एक यादगार स्मृति और बेहतर अनुभूति प्रदान करने के उद्देश्य से शिवलोक परिसर में जीवंत प्रदर्शनी का निर्माण कराया गया है।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**प्रभात खबर की सुर्खी है**– पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सीएम ने की थी मांग, अब हुई पहल।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– बेंगलुरू भगदड़ , आरसीबी और राज्य क्रिकेट संघ जिम्मेदार।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– कॉलेजों से 11वीं पास को 12 वीं करने की अनुमति।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– झारखंड पर्यटन का ब्रांड एंबेसडर बन सकते हैं एमएस धौनी।

***********समाप्त***********